सार-समाचार

मोनिका व सुमन राज्य टीम में शामिल

पाली,(नि.सं.)। भारतीय बॉक्सिंग संघ एव आरईसी (ठामीण विद्युतीकरण निगम) के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणा के रोहतक में आरईसी कम्बाइंड नैशनल बॉक्सिंग टैलेंट हंट प्रोग्राम (6-13 अक्टूबर 2024) को आयोजित होगी। जिसने पाली जिले की मोनिका 48 किलो भार वर्ग और सुमन कुमारी 54 किलो भार वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित करेंगे। गौरतलब है की इस प्रतियोगिता से पूर्व इण्डिया में दो राष्ट्रीय स्तर के दो टैलेंट हंट प्रोग्राम नोएडा यूपी प्रोठाम - 1(23-30 अगस्त) तथा गोवाहटी असम प्रोग्राम - 2 (15 -21 सितम्बर) में आयोजित हुए भारतीय बॉक्सिंग संघ इन दोनों प्रतियोगिताओं के टॉप 8 बॉक्सर्स की सूची नेशनल कम्बाइंड बॉक्सिंग प्रोग्राम के लिए जारी की। जिसमें पाली की मोनिका और सुमन कुमारी ने आरईसी बॉक्सिंग प्रोग्राम-1 नोएडा यूपी में आल इंडिया यूथ वूमेंस वर्ग टॉप 8 में जगह बना कर इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। दोनों खिलाड़ी कई बार राष्ट्रीय स्तर बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधत्व कर चुकी है। मोनिका हाल ही में वर्ल्ड यूथ बॉक्सिंग चैम्पियनशिप टीम इण्डिया सिलेक्शन ट्रायल में भारत में 4 स्थान पर भी रही है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर राजस्थान बॉक्सिंग संघ सचिव नरेन्द्र कुमार निर्वाण व पाली जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बॉक्सिंग कोच दिलिप गहलोत,शंकर पटेल, देवेंद्र दमामी, श्रवन कुमार,नरेश पांडे, बाबूलाल देवासी, प्रवीण पिहाल,वेदान्श पांडे,तेजस व्यास,चंचल परिहार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

तेरापंथ सभा भवन में कार्यक्रम हुआ

पाली, (नि.सं.)। तेरापंथ सभा भवन में अणुव्रत संस्था आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि सुमति कुमार आदि ठाणा-3 के संदर्भ में ा ार्यक्रम का आयोजन हुआ। अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुबुद्धि समदडिया ने बताया,कि अनुशासन आज घर परिवार समाज एवं राष्ट्र सभी के लिए आवश्यक है। व्यक्ति पहले स्वयं पर अनुशासन करे,फिर वह दूसरों को अनुशासित करें। आचार्य तुलसी ने एक महत्वपूर्ण उद्घोष दिया था, निज़ पर शासन फिर अनुशासन। मुनि सुमति कुमार ने अणुव्रत गीत का संगान करते हुए,बताया कि अणुव्रत के नियम हमें अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। आप तेरापंथ धर्म संघ में मर्यादा और अनुशासन के प्राण तत्व है। अनुशासन गीत का संगान करते हुए बताया कि नियम में अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। आज तेरापंथ धर्म संघ में मर्यादा,और अनुशासन ही प्राण तत्व है। मुनि ने स्कूली बच्चों को उद्बोधन देते हुए अनुशासन ही प्राण तत्व है। स्कूली बच्चों को उद्बोधन देते हुए अनुशासन में रहने के लिए अणुव्रतो के संकल्पों को अपनाने की प्रेरणा दी। कल 7 अक्टूबर सोमवार को तेरापंथ सभा भवन में स्कूलों के बच्चों के साथ जीवन विज्ञान दिवस मनाया जाएगा। अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टैक्ट 2024 का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अणुव्रत समिति द्वारा 7 अक्टूबर को तेरापंथ भवन में प्रात: 10 बजे किया जा रहा है। समस्त स्कूलों के कार्यक्रम में अध्यक्ष सुबुद्धि समदडिया,शिखरचंद चोरड़िया,राजेन्द्र धोका,चन्द्रा खांटेड का सहयोग रहा।

हैदराबाद के विद्यार्थी जैसलमेर पहुंचे

जैसलमेर, (नि.सं.)। हैदराबाद के विकास द कॉन्सेप्ट सीबीएसई स्कूल के सैकड़ो विद्यार्थियों ने रविवार को शहर के गड़ीसर सरोवर,सोनार दुर्ग, पटवा हवेली, दीवान सालमसिंह मोहता हवेली,दीवान नथमल हवेली का शैक्षणिक विजिट किया। अंग्रेजी ज्यादा और हिंदी भी जानने, समझने वाले विद्यार्थियों का पटवा हवेली के अग्रभाग में पीत पाषाण पर चित्रकारों द्वारा बारीकी से ऊकेरे गए चिड़िया, मोर, तोता, कबूतर को देखकर मन प्रसन्न हो उठा। स्टूडेंट नंदिनी ने बताया कि पीले पत्थर पर इतनी बारीकी और इतनी बहुतायत से ऊकेरे गए चित्र मेरे द्वारा अन्य कहीं नहीं देखे गए। छात्रों ने रेतीले धोरों पर रेगिस्तान के जहाज ऊंट की सवारी की और धोरों से डूबते हुए सूरज को देखा। शिक्षकों ने बताया कि विकास स्कूल छात्रों को ''अन्वेषण, खोज, सीखना, लागू करना, विश्लेषण करना और सृजन करना'' के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। हमने बुनियादी ढांचे, शिक्षा में प्रौद्योगिकी, शिक्षण पद्धित और दृष्टिकोण के क्षेत्र में इसकी स्थापना के बाद से काफी बदलाव किया है।

जीनगर समाज ने ध्वजारोहण किया

बालोतरा, (निसं)। नवरात्रि के पावन अवसर पर जीनगर समाज व्यास गोत्र के भक्तों द्वारा गणपति मंदिर बालोतरा से पनघट रोड स्थित श्री आई माताजी बडेर मंदिर तक ढोल-नगाड़ों के साथ ध्वजा लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के समापन पर मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढाई गई। इस अवसर पर पुजारी लाखाराम व्यास ने बताया कि यह ध्वजा चढाने की परंपरा नवरात्रि के दौरान विशेष महत्व रखती है, जो मां आई माताजी के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा और भक्ति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से समाज में समर्पण और एकता की भावना को बल मिलता है। बाबूलाल व्यास ने यह भी बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढावा देना है, जिससे आने वाली पीढियों को इन परंपराओं से जोडकर रखा जा सके। इस दौरान नारायण व्यास, रामेश्वर व्यास, चंपालाल व्यास, घेवर चंद व्यास, डूंगर व्यास, भंवर लाल व्यास, रामेश्वर व्यास, भेराराम व्यास, नरपत व्यास, अशोक व्यास, राजेन्द्र व्यास, महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

जवाई जालोर के लिए जीवनदान : बोरली

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने रविवार को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर, जालोर जिले में गिरते हुए भूजल स्तर में वृद्धि को लेकर पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में बताया कि जालोर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों एवं आमजन को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता हैं। गर्मी के मौसम में जल संकट और भी विकराल हो जाता है, जिससे फसल उत्पादन एवं पीने के पानी की कमी बढ जाती है उन्होंने लिखा कि जालोर जिले में भूजल स्तर की इस कमी को सुधारने के लिए जवाई बांध से पेयजल हेतु पानी के अतिरिक्त पानी को जवाई नदी में छोडा जाए, जिससे न केवल भूजल स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि जालोर जिले के किसानों को राहत भी मिलेगी। यह कदम न केवल कृषि उत्पादकता को बढाने में सहायक होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

आदर्श विद्या मंदिर धोरीमन्ना के बच्चे छाए

धोरीमन्ना, (निसं)। स्थानीय विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों का जिला स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर बाडमेर में रविवार को संपन्न हुआ। इसमें विज्ञान प्रदर्शन , विज्ञान प्रयोग , विज्ञान प्रश्न मंच आदि की प्रतियोगिता रखी गई। विज्ञान आचार्य बाबूलाल जांगिड ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना के कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया । उसमें 14 भैया बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 3 प्रतिभागी द्वितीय स्थान पर रहे । प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले भैया बहिनों को शिक्षण समिति बाडमेर द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने बताया कि प्रथम स्थान पर रहने वाले भैया बहिन 13 अक्टूबर को प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला नोखा(बीकानेर) में बाड़मेर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारियों की बैठक

जालोर, (कासं)। सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारियों की मासिक बैठक छोगसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सरक्षंक जयसिंह ने कहा कि रोडवेज में लगातार पुराने कर्मचारी सेवानिवृत हो रहे है। जो करीब 2024 में 95 प्रतिशत कर्मचारी सेवापूर्ण कर लेंगे, लेकिन बजट अध्यक्षता में सिर्फ 165० भर्ती की घोषणा की गई जो कि उट के मुंह में जीरो साबित होगी। उन्होने कहा कि आज निगम बेडे में 2 हजार बसों की जरूरत है वहां सिर्फ 51० बसों की स्वीकृति जारी की। उपाध्यक्ष हिगलाजदान ने बताया कि नगर परिषद के सामने यात्रियों के लिए सुविधा नहीं होने से बारिश के दिनों में परेशानी होती है।

भागवत कथा का शुभारंभ 8 को

जोधपुर, (कासं) । गौ ऋषि स्वामी ज्ञानस्वरूपानन्द अक्रिय महाराज के सानिध्य तथा राधारानी सेवा संस्थान, जोधपुर के तत्वावधान में पार्श्वनाथ नगर पार्श्वनाथ नगर, भदवासिया, में श्री मद्भागवत कथा का 8अक्टूबर को शुभारंभ होगा। भागवताचार्य पंडित दामोदर भारद्वाज वृंदावन वाले का वाचन करेंगे। कथा में महन्त अचलानंद गिरी महाराज तथा संत राजेन्द्रदास महाराज का सानिध्य रहेगा। यह कथा 8 से शुरू होगी जबकि पूर्णाहुति 14 अक्टूबर को होगी। इसी कड़ी में 8 अक्टूबर सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा प्रात: 10.15 बजे से नबद्रेश्वर महादेव मन्दिर से स्वाना होकर पार्श्वनाथ नगर कथा स्थल तक जायेगी।

शिक्षा के प्रति जागरूकता से ही विकास संभव : बेनीवाल

बालोतरा, (नि.सं.)। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बाड़मेर संसदीय क्षेत्र के शिव विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सियाणी में समाजसेवी एनआरआई रमन सारण की ओर से निर्माण कराए गए कक्षा कक्षों के उद्घाटन समारोह में सासंद बेनीवाल ने भामाशाह रमन सारण का आभार व्यक्त किया।

बेनीवाल ने कहा कि भामाशाहों के सहयोग से शैक्षणिक संसाधनों की कमियों को दूर करने में विशेष योगदान हैं। सामाजिक जागरूकता के साथ भामाशाहों को आगे आना चाहिए, जिससे हमारे क्षेत्र में संसाधनों से जूझना नहीं पड़े और शैक्षणिक माहौल बेहतर बने आधुनिक युग में परिस्थितियों के अनुसार जीवन और समाज के उत्थान, विकास के लिए शिक्षा की विशेष महत्व हैं हमें विशेष तौर पर निरंतर फोकस करना होगा। बालिका शिक्षा पर भी विचार करना होगा हमारे देश में बेटियाँ क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं।

सांसद बेनीवाल ने विद्यालय में भवन और शिक्षकों की कमी को देख आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम मय दो कक्षा कक्ष की घोषणा की।

इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन और समाज को जागरूक होकर शिक्षा को बढावा दें वर्तमान समय में शिक्षा की विशेष आवश्यकता हैं।

कार्यक्रम में सियाणी मठ मठाधीश आनन्द पुरी महाराज, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सरपंच देवाराम आसू, सरपंच जुगताराम भादू, जिला परिषद् सदस्य नरपतराज मूंढ, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पन्नाराम चौधरी, स्थानीय सरपंच मूलीदेवी मेघवाल, भामाशाह मूलसिंह सहित कई जने मौजूद रहे।

इससे पूर्व सांसद बेनीवाल दारूल उलूम फेजे गौसिया संस्थान, खारची में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। सासंद बेनीवाल ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र और मुस्लिम समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता से हर क्षेत्र में सकारात्मक सोच से प्रतिभाओं की उपलब्धियाँ समाज में शैक्षणिक जागृति का परिणाम हैं। जिस तरह से हम धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं, उसी प्रकार हमें शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आर्थिक योगदान देना चाहिए। जिससे शैक्षणिक वातावरण बेहतर बने और विस्तार हो सके। सीमावर्ती क्षेत्र में सदियों से चलती आ रही भाईचारे और अपणायत की भावना व एकता की मिसाल निरंतर बनी रहें इसके लिए सामाजिक तौर पर जब हम सजग रहकर आपस में मिलजुलकर रहेंगे तभी विरोधी हमारी ताकत के सामने घुटने टेकने को मजबूर होंगे।

इस दौरान समारोह में संस्थान के 30 पूर्व छात्रों का विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन होने पर सम्मान किया। पूर्व राजस्व मंत्री बायतु विधायक हरीश चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा हमारे पूर्वजों ने जीवन जीने के लिए बहुत विकट परिस्थितियों का सामना किया। हमें जीवन और समाज के उद्धार के लिए शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि धर्म और जातीय भेदभाव से लडाने वालों से सावधान रहकर उनकी भ्रांतियों से दूर रहना होगा आपसी सौहार्द और समाज का उत्थान कैसे हो उस पर केंद्रित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी, पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, सामाजिक नेता उदाराम मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान, धनाऊ प्रधान शमा बानो, जिला परिषद सदस्य नरपतराज मूंढ, ताज मोहम्मद, बशीर खान आदि मौजूद थे।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी ने पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर की बेटी ने वूशु में कांस्य पदक जीता

जालोर, (निसं)। बांग्लादेश के ढाका शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वूशु प्रतियोगिता में जालोर की छवि पुत्री विनोद चौधरी ने देश का परचम फहराने हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि 1 से 4 अक्टूबर तक बांग्लादेश के ढाका शहर में प्रथम साउथ एशियन स्कूल कॉम्बेट गेम का आयोजन हुआ।उक्त प्रतियोगिता में छवि चौधरी ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रर्दशन करते हुए देश के लिए कांस्य तमगा हासिल किया।बताते चलें की छवि ने इससे पूर्व गतवर्ष स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रांची,झारखंड में 67वीं राष्टीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित वूशु खेल में राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था।इस बार भी इस होनहार वूशु खिलाडी ने जैसलमेर के चौहटन में 26 सितम्बर से आयोजित हुई 68 वीं राज्य स्तरीय विधालयी खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित वूशु खेल में स्वर्ण पदक हासिल किया और वहीं से बांग्लादेश के लिए रवाना हो गई।

गौरतलब है की छवि वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक कोच प्रितमसिंह राठौड के निर्देशन में वूशु का प्रशिक्षण ले रही हैं। छवि चौधरी की उपलब्धि पर भारतीय वूशु कोच राजेश कुमार टेलर, राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपत सिंह आर्य, अध्यक्ष शिवदत्त आर्य, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सचिव वरुण शर्मा, जिला पावर लिफ्टिंग संघ अध्यक्ष प्रशांत सिंह, सचिव कांतिलाल आर्य, विनोद आर्य, अंबिका प्रसाद तिवारी, जगदीश आर्य, छगन आर्य,भरत मेघवाल, छगननाथ, देवेश आर्य, कुश्ती संघ अध्यक्ष महेंद्र मुनोत बादि ने खुशी जाहिर की।

ढाका में जालोर की छवि ने कांस्य पदक जीताा फोटो-राष्ट्रदूत

फूल मंडली व सवामणी की

जोधपुर, (कासं) । सुराणा-सांखला भाईपा परिवारों की कुलदेवी श्री सुसवाणी माताजी के अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर भव्य फूल मंडली व सवामणी का आयोजन किया गया।

ट्रस्टी प्रवीण सुराणा ने बताया कि जोधपुर के मंडोर रोड पर स्थित श्री सुसवाणी माताजी मंदिर प्रांगण में सुसवाणी माताजी के जन्मोत्सव पर माताजी की प्रतिमा का पक्षाल कर भव्य श्रृंगार किया गया तथा भोग लगाकर सुबह की आरती पश्चात् सवामणी भक्तजनों में वितरित की गई। इस अवसर पर भव्य फूल मंडली का विशेष आयोजन किया गया तथा संपूर्ण मंदिर परिसर को फूलों और रंगबिरंगी लाईटों से सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक सुराणा को चुरू जिला कलक्टर का पदभार ठाहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

सुराणा सांखला परिवार के दशरथमल सुराणा, गौतमचंद, सुराणा, गणपत सुराणा, जसवंत सुराणा, भगवतसिंह सुराणा, प्रवीण सुराणा, शरद सुराणा, बसंत सुराणा, वैभव बंटु सुराणा, प्रकाश सुराणा, शांतिलाल सुराणा, रवि सुराणा, महेंद्र सुराणा, संदीप सुराणा, जिनेश सांखला, श्रीमती विनीता, सुराणा, प्रकाशमल सुराणा महामंदिर, रवि कंचनमल सुराणा, प्रकाश लक्ष्मीचंद सुराणा, किशोरचन्द, नीरज सुराणा आदि मौजूद थे।

जालोर शहर में शाम ढलते ही डांडिया की खनक सुनाई देती है

जालोर, (कासं)। नवरात्र के दिनों में जालोर शहर में माता को समर्पित गरबों की धूम चल रही है। जगह-जगह विभिन्न आयोजन किये जा रहे है।

इसके अंतर्गत कहीं पर डांडिया रास का आयोजन, तो कहीं पर परंपरागत वेशभूषा, तो कहीं पर बालीवुड रास का आयोजन कर गरबों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शहर का अति प्राचीन व पुरातन चामुंडा माता मंदिर, सिरें मंदिर रोड शीतला माता मंदिर व कालका माता मंदिर प्रांगण में परंपरागत तरिकें से देवी-देविताओं के स्वांग में नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। कई जगहों पर बालीवुड डांडिया व गुजराती गरबों पर भी नृत्य किया जा रहा है।

जालोर शहर के सिन्धी कॉलोनी में माता रानी भटियाणी, सुन्देलाव तालाब किनारे चामुण्डा माता मंदिर, बापू नगर कॉलोनी, सिरे मंदिर रोड पर स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर बोल्डी, शास्त्री नगर कॉलोनी, लेटा रेलवे फाटक क्षेमकरी माता मंदिर, मुख्य बाजार सरावास, राव समाज मंदिर व आशापूर्णा कॉलोनी सहित कई जगह गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

जालोर शहर के सिन्धी कॉलोनी में डंडिया रास की धूम मचने लगी है। अध्यक्ष किशन आडवानी ने बताया कि गरबा कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग ग्रुप में बच्चों, युवाओं और युवतियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जा रही है। जिसमें गुजराती, राजस्थानी और भक्ति गानों पर एकल, युगल व सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान गरबा मंडल के उपाध्यक्ष मेहुल रामावत, कोषाध्यक्ष अरविन्द सोनी, सह कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, सचिव धीरज सोनी, सह सचिव मनोज सोनी, चेतन सोनी, अंकुश सोनी, मनिष ठाकुर, दिलीप सिन्धी, हितेश सोनी, मनोज रामावत, श्रवण भाई सोनी, कन्हैयालाल सोनी, विरेन्द्र पुरी, मनोज भाई सिन्धी, प्रकाश भाई सोनी, रमेश भाई राजपुरोहित, वरिष्ठ कार्यकर्ता सत्यप्रकाश रामावत, रणछोड पुरी, पुरुषोत्तम पोमल, भेरूलाल सोनी, शंकर माली, अशोक जडीया, घेवर सोनी, विष्णु आडवाणी, पुजारी रामपुरी सेवा दे रहे हैं। इस दौरान दर्शनार्थियों के लिए चाय पानी व बैठने की व्यवस्था की गई है।

पाली संवाददाता के अनुसार: शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन अब धीरे-धीरे पाली शहर के गली मोहल्ले में गरबा डांडिया रास की खनक नजर आने लगी है।

शाम होते ही विभिन्न रंग बिरंगी गुजराती पोशाक पहन कर युवक, युवतियां गरबा नृत्य करने पहुंचती है। इसी क्रम में रविवार को भैंरूघाट स्थित भलावतों का बास में बीकेबी क्लब की ओर से रंगारंग डीजे पर मोहल्ले की महिला यूवतियों ने जमकर डांडिया नृत्य में भाग लिया।

रोजाना रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक गरबा नृत्य होगा। निर्मल भाटी तरुण बोराणा, शुभम देवड़ा, सुमित टॉक, अजय सोलंकी, सीपी बोराणा गोविंद सांखला,पंकज सोलंकी गौरव शर्मा आदि का सहयोग रहा।

ज्रालोर शहर के सिन्धी कॉलोनी में डांडिया की धूम मची। फोटो-राष्टदूत

सार-समाचार

शिक्षक विश्नोई को सम्मानित किया

धोरीमन्ना, (निसं)। शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं शिक्षक वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।वे हमें न केवल किताबों का ज्ञान देते हैं बल्कि जीवन की मूलभूत सीख भी सिखाते हैं। वे हमें आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और नैतिक रूप से सशक्त भी बनाते हैं। ऐसे शिक्षकों का सम्मान करने के लिए टीम बाड़मेर ने रविवार को होटल कैलाश इंटरनेशनल में बाड़मेर शिक्षक गौरव सम्मान 2024 का आयोजन किया। जिसमें धोरीमन्ना उपखण्ड की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाबूबेरा में कार्यरत स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई को विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास व विद्यालय विकास में समय-समय पर बेहतरीन योगदान देने पर प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने बताया कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं।शिक्षक ही ज्ञान व सफलता का पहला आधार है जिसकी अनुपस्थिति में सफल जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।शिक्षक ही हमारी सफलता की मजबूत नींव है। विद्यार्थी जीवन में शिक्षक का अत्यधिक महत्व होता है क्योंकि शिक्षक ही हमारे ज्ञान और जीवन मूल्यों के आधार है। पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के महासचिव रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि स्टेट अवार्डी शिक्षक विश्नोई को बाड़मेर शिक्षक गौरव सम्मान मिलने पर हम सबको गर्व है कि आपने निस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए हर क्षेत्र कई उपलब्धियां हासिल की है। पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला शाखा बाड़मेर-बालोतरा के जिला अध्यक्ष सालगराम परिहार ने शिक्षक विश्नोई को बधाई देते हुए टीम बाडमेर का आभार जताया।

जोधपुर ने तैराकी में 17 पदक जीते

जोधपुर, (कासं) । मगलवाड चित्तौडग़ढ़ में 68 वी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में 17/19 वर्ष छात्र/छात्रा पर्ग में जोधपुर के कुल 17 तैराकों ने भाग लिया। 13 मेडल जोधपुर शहर के खाते में आए, जिनमें 3 गोल्ड, 2 सिल्वर, 8 ब्रॉन्ज प्राप्त किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार दलाधिपति टीकमचंद सियाग, टीम प्रभारी आशीष राणा, जिला संयोजक प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर दवे ने बताया कि वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका पुष्पा गहलोत के नेतृत्व में 68 वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जोधपुर शहर की टीम ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 19 वर्ष आयु वर्ग में भाग लेने गई सभी बेटियों ने मेडल जीते। कृष्णा सियाग ने 200 मीटर आई एम व्यक्तिगत स्पेयरदा में गोल्ड मैडल, 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में सिल्वर मैडल जीता। मिताली चौधरी ने 200 मीटर और 100 मीटर बटरफ्लाई दोनों में गोल्ड मैडल, प्रियंका कच्छवाहा ने 200 मीटर व 50 मीटर बैक स्ट्रोक में ब्रॉज मेडल जीता। 4 100 मेडले रिले में राजश्री, प्रियंका, कृष्णा, मिताली ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। 19 वर्ष छात्र वर्ग में उमेश चौधरी ने 50 मीटर, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में 2 ब्रॉज मेडल जीता, साथ ही रणजीत सांखला, नमन गहलोत, कात्यायनी त्रिवेदी, दर्शना, आवंला, रितिका, वशिंका, आशीष, राणा, आयुष्मान, चेतन्य, भाटी, जयवर्धन सोनी प्रधुमन सिहं, सुभद्राकुमारी आदि खिलाड़ियो ने प्रतियोगिता भाग लिया। टीम के जोधपुर पहुंचने पर उपजिला शिक्षा अधिकारी जोधपुर मंडल सुनील भाटी, शारीरिक शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हापुराम चौधरी, संयोजक व प्रधानाचार्य चंद्रशेखर दवे, एवं दलाधिपती टीकमचंद ने खिलाडियों का सम्मान किया ।

नशे के विरूद्ध शपथ दिलाई, श्रमदान किया

पाली, (नि.सं.)। जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पाली में आवसरत बालकों को नशे के विरूद्ध शपथ दिलाये जाने के साथ ही बाल गृह में सफाई अभियान में श्रमदान किया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण तथा परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी सुमन तथा बाल गृह का स्टॉफ उपस्थित रहा। उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पाली ज्योति प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज कल्याण सप्ताह उपलक्ष्य में रविवार को बाल गृह, आवासिय विद्यालय व छात्रावासों में जनचेतना दिवस के रूप में मनाया गया सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावास व आवासिय विधालयों में 1500 बच्चों द्वारा आज नषा मुक्ति की शपथ ली गई । इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विधालय, केनपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के स्टॉफ व 425 बच्चों द्वारा नषे के विरूद्व षपथ ली गई तथा आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह सोनीगरा द्वारा बच्चों को नषे के दुष्प्रभाव की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नषे के विरूद्ध शपथ दिलवाई गई तथा छात्रावास अधीक्षक श्री इन्द्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ ही बच्चों में खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर व्याख्यता मनोज कुमार व सहायक वेलाराम व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

भोजनावकाश में मौन सत्याग्रह आज

बालोतरा, (निसं)। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान-बीकानेर जिला शाखा बालोतरा सोमवार को भोजनावकाश के दौरान शिक्षा विभागीय कार्यालयों में मौन सत्याग्रह करेगा। बालोतरा शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ महामंत्री चुनाराम चौधरी ने बताया शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान-बीकानेर के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर शिक्षा सेवा के अधिकारियों की डीपीसी सहित मांगे पूरी नहीं कर राज्य सरकार एवं शिक्षा प्रशासन शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक संवर्ग के हितों पर कुठाराघात कर रहा है। हाल ही में पाठ्य पुस्तक मंडल में मंत्रालयिक कर्मचारियों के पदों पर अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति कर मंत्रालयिक कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी की जा रही हैं ।इन सबके विरोध में सोमवार को कार्यालय बचाओ, शैक्षणिक स्टाफ हटाओ, मंत्रालयिक स्टाफ लगाओ एवं मंत्रालयिक संवर्ग की रिव्यू एवं नियमित डीपीसी कराओ की मांग को लेकर ध्यानाकर्षण के रूप में शिक्षा निदेशालय परिसर में भोजनावकाश के दौरान मौन सत्याग्रह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला बालोतरा के शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी/अधिकारीगण भी अपने कार्यालयों में भोजनावकाश के समय मौन धारण कर सत्याग्रह करेंगे।

फलोदी में डीजल चोर गैंग सक्रिय

जोधपुर, (कासं) । फलोदी जिले में सड़क पर खड़ी गाड़ियों से डीजल चुराने वाली गैंग सक्रिय है। ये गैंग इतनी शातिर है कि महज कुछ ही देर में टंकी से पूरा डीजल निकालकर ले जाती है। ट्रक जब स्टार्ट नहीं होता है तब चालक को पता चलता है कि उसकी गाड़ी से डीजल चोरी हो चुका है। इसको लेकर ऐसा ही एक मामला फलोदी जिले के मतोडा थाने में दर्ज हुआ है। थाने में हरिदास वैष्णव निवासी बेलवा ने रिपोर्ट देकर बताया कि वो ट्रक चलाने का काम करते हैं। रात्रि के समय उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर ट्रक को डीजल भरवा कर खड़ा किया था। रात के समय एक स्विफ्ट गाड़ी आई और उन्होंने उनकी गाड़ियों से डीजल निकाल दिया। ट्रक मालिक गोपाराम ने बताया की उनके पत्थर ढुलाई के ट्रक हैं। जो रात के समय पेट्रोल पंप पर खड़े किए थे। रात को दोनों गाड़ियों से 195 लीटर डीजल निकाल कर स्विफ्ट कार में सवार बदमाश चले गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी पेट्रोल पंप पर लगे कैमरे में कैद हो गया। गोपाराम ने बताया कि यह गैंग पिछले करीब तीन माह से एक्टिव है। जो रात के समय आराम करने वाले ट्रक चालकों के ट्रक से डीजल चुराकर भाग जाती है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी के आधार पर कार सवार बदमाशों का पता लगाने में जुटी हुई है।

जयंत चौधरी ने लोकार्पण किया

जोधपुर, (नि.सं.)। कौशल विकास और उद्यिमता मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आज जोधपुर के किसान तेजा रामगढ़ी शिक्षण संस्थान और नवीन भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर